POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 21.06.2024

थाना सैक्टर 63 नोएडा पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 स्कूटी व 01 अवैध चाकू बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण--वादी द्वारा दिनांक **19.06.2024** को बी-19 सेक्टर 63 में ग्रोसी स्टोर के सामने से वादी की कम्पनी की इलेक्ट्रीक स्कूटी किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सेक्टर-63, नोएडा पर मु0अ0सं0 265/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

पुलिस कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **21.06.2024** को थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान प्रकाश में आये चोर/अभियुक्त अविनाश मिश्रा पुत्र कमलेश मिश्रा को बंद पडे पैट्रोल पम्प के पास एच ब्लॉक सेक्टर-63 से चोरी की इलैक्ट्रीक स्कूटी ईवी नं0 ईबी 17905599 एवं नाजायज चाकू सहित **गिरफ्तार** किया गया।

अभियुक्त अविनाश उपरोक्त से बरामद स्कूटी थाना सैक्टर 63, नोएडा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 265/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित है, जो अभियुक्त द्वारा दिनांक 19.06.2024 को बी-19 सैक्टर 63 में ग्रोसी स्टोर के सामने से चोरी करना बताया है। अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 411 भादवि व 4/25 शस्त्र अधिनियम की बढोत्तरी की गयी है। अतः उक्त अभियोग की अग्रिम विवेचना अन्तर्गत धारा 379/411 भादवि व 4/25 शस्त्र अधिनियम में की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. अविनाश मिश्रा पुत्र कमलेश मिश्रा नि0 रजपुरा थाना जैथरा जिला एटा हाल पता रीता का मकान ग्राम कनावनी थाना इन्द्रापुरम जिला गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 265/2024 धारा 379/411 भादवि व धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना सेक्टर-63, नोएडा
2. मु0अ0सं0 09/2022 धारा 41/102 सीआरपीसी व धारा 414 भादवि थाना सेक्टर-63, नोएडा

बरामदगी का विवरण--

1. इलैक्ट्रीक स्कूटी नं0 ईवी नं0 ईबी 17905599
2. एक अवैध चाकू